# सार-समाचार

## चीन के साइबर ठगों से मिलकर जोधपुर के युवकों ने 50 करोड़ की ठगी की

**जोधपुर (कासं)।** कोटा सिटी पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन साइबर शील्ड' के तहत चीन के साइबर ठगों के साथ मिलकर करीब 50 करोड़ रुपए की अन्तरराष्ट्रीय साइबर ठगी की वारदातों का राजफाश किया है। पुलिस चार आरोपियों को कोटा से गिरफ्तार कर बरामद पांच मोबाइलों से अब तक 50 करोड़ की ठगी की वारदात होने की पुष्टि कर चुकी है।

कोटा सिटी पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि जोधपुर नांदड़ी के भगवान महावीर नगर निवासी अक्षय कुमार नाई (24), जोधपुर के बीनावास निवासी रामदीन जाट (30), जोधपुर के पीपाड़ सिटी निवासी भोमसिंह राजपूत (26) और जोधपुर के गुजरावास खुर्द निवासी राकेश जाट (25) ने चीन के साइबर ठगों के साथ गिरोह बनाया। चारों बदमाश भारत के आम लोगों से साइबर ठगी करते और ठगी की रकम को अन्य खातों में ट्रांसफर कर देते थे। इसके बाद उस राशि से क्रिप्टोकरेंसी(यूएसडीटी) खरीद कर वापस चीन में साइबर ठगों को भेज देते थे।

**बरामद मोबाइलों में मिला 50 करोड़ का हिसाब**

पुलिस ने आरोपियों के पांच फोन बरामद किए। फोन के अवलोकन व अनुसंधान के बाद मोबाइल से विदेशी मोबाइल नंबरों से चैट के जरिए भारतीय बैंक खातों में राशि डलवाने व उक्त राशि के बदले चीन के ठगों को क्रिप्टोकरेंसी ट्रांसफर करने की चैट व स्क्रीन शॉट मिले। अब तक अनुसंधान में आरोपियों की ओर से करीब 50 करोड रुपए की क्रिप्टोकरेंसी खरीदकर विदेशी साइबर ठगों को ट्रांसफर करने के साक्ष्य मिल चुके हैं। पुलिस मामले में अग्रिम अनुसंधान करते हुए आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## ट्रेफिक ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित

**जयपुर (कासं)।** पश्चिम रेलवे द्वारा माहिम जं.-बान्द्रा रेलखण्ड के मध्य ब्रिज संख्या 20 पर गर्डर लॉन्चिग कार्य के कारण ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 14707 लालगढ -दादर रेलसेवा दिनांक 25.01.25 को लालगढ से 01 घंटा 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 12956, जयपुर-मुम्बई सेट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 25.01.25 को जयपुर से 02 घंटे 30 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी।

## सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में प्रमुख संशोधन

**जयपुर (कासं)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आज स्थानीय केबल ऑपरेटर ( एलसीओ) पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 (नियम) में संशोधन की अधिसूचना जारी की है। आज से प्रभावी, एलसीओ पंजीकरण पूरी तरह से ऑनलाइन होंगे और मंत्रालय ही उनका पंजीकरण प्राधिकारी होगा। आवेदक के आधार, पैन, सीआईएन, डीआईएन आदि विवरणों के सफल सत्यापन के बाद, एलसीओ पंजीकरण प्रमाणपत्र वास्तविक समय में जारी किए जाएंगे । इसके अलावा, एलसीओ पंजीकरण के लिए पंजीकरण या नवीनीकरण से मना करने के मामले में अपील का प्रावधान भी जोड़ा गया है। इससे पहले, एलसीओ पंजीकरण प्रक्रिया, एलसीओ कार्यालय क्षेत्र के स्थानीय प्रधान डाकघर में ऑफ़लाइन मोड में की जाती थी और प्रधान डाकपाल उनके पंजीकरण प्राधिकारी होते थे।

## श्रीगंगानगर-बरौनी-श्रीगंगानगर महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवा का संचालन

**जयपुर (कासं)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु महाकुंभ मेला 2025 के लिए श्रीगंगानगर-बरौनी- श्रीगंगानगर महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप ) का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04719, श्रीगंगानगर-बरौनी महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप) श्रीगंगानगर से दिनांक 21.02.25 को 15.35 बजे रवाना होकर दूसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 03.30 बजे आगमन व 03.40 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 09.00 बजे बरौनी पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04720, बरौनी- श्रीगंगानगर महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप ) बरौनी से दिनांक 23.02.25 को 23.00 बजे रवाना होकर तीसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 02.50 बजे आगमन व 03.00 बजे प्रस्थान कर 14.30 बजे श्रीगंगानगर पहुॅचेगी।यह रेलसेवा मार्ग में सादुलशहर, हनुमानगढ, हनुमानगढ टाउन, टीबी, ऐलनाबाद, नोहर, गोगामेडी, तहसील भादरा, सिधमुख, सादुलपुर, चुरु, फतेहपुर शेखावाटी, सीकर, रींगस, चौमूं सामौद, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगराफोर्ट, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरां, दानापुर, पाटलीपुत्र व हाजीपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## बाडमेर-बरौनी-बाडमेर महाकुंभ मेला स्पेशल की संचालन अवधि में 03 ट्रिप का विस्तार

**जयपुर (कासं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु महाकुंभ मेला 2025 के लिए गाडी संख्या 4811/04812, बाडमेर- बरौनी- बाडमेर मेला स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में 03 ट्रिप का विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04811, बाडमेर - बरौनी स्पेशल रेलसेवा बाडमेर से दिनांक 24.01.25 , 07.02.25 व 14.02.25 को 17.30 बजे रवाना होकर दूसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 03.30 बजे आगमन व 03.40 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 09.00 बजे बरौनी पहुॅचेगी।

इसी प्रकार गाडी संख्या 04812, बरौनी-बाडमेर स्पेशल रेलसेवा बरौनी से दिनांक 26.01.25, 09.02.25 व 16.02.25 को 23.00 बजे रवाना होकर तीसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 02.50 बजे आगमन व 03.00 बजे प्रस्थान कर 13.00 बजे बाडमेर पहुॅचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में बलोतरा, समदडी, जोधपुर, मेडता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर , बांदीकुई, भरतपुर, आगराफोर्ट, टूण्डला,इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरां, दानापुर, पाटलीपुत्र व हाजीपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# जेडीसी ने ली प्राधिकरण प्रवर्तन शाखा की समीक्षात्मक बैठक

**जोधपुर (कासं)।** जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा शुक्रवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन शाखा की बैठक लेते हुए शाखा के कार्यों की समीक्षा की गई।



बैठक में मुख्य नियंत्रक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनीता, तहसीलदार प्रतिज्ञा सोनी, हंसराज राठौड़, सुनिता चारण, किरण सिंगारिया, प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, पुलिस निरीक्षक जोगेन्द्रसिंह चौधरी, प्रवर्तन निरीक्षक योगेश गहलोत मौजूद रहे।

बैठक में आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा प्राधिकरण योजनाओं एवं क्षेत्राधिकार में अवैध, अनाधिकृत निर्माणों एवं सरकारी भूमियों पर हो रहे अतिक्रमणों की रोकथाम हेतु प्राधिकरण में दर्ज प्रकरणों, लम्बित प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों की विस्तार से जानकारी प्राप्त कर प्रवर्तन शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में आयुक्त द्वारा जोनवार प्रभारी अधिकारीगण को प्राधिकरण योजनाओं में आरक्षित भूमियों पर किए अतिक्रमणों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करते हुए भू-माफियाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार आयुक्त चौधरी द्वारा बैठक में प्राधिकृत अधिकारियों को अपने-अपने जोन क्षेत्राधिकार में नियमित तौर पर निरीक्षण कर प्राधिकरण के लैंड बैंक का ख्याल करने एवं अवकाश के दिनों में होने वाले अतिक्रमणों पर विशेष ध्यान रख निरन्तर कार्यवाही करने के आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## पराक्रम दिवस पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**जोधपुर (कासं)।** 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, वायु सेना स्थल, जोधपुर द्वारा पराक्रम दिवस के अवसर पर 23 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग लेंगे, जो केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, पीएम विद्यालय, राज्य बोर्ड, और सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों से होंगे। कुल 100 विद्यार्थी इसमें हिस्सा लेंगे।

विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आधार भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लांच किए गए %भारत है हम% श्रृंखला के पांच एपिसोड होंगे, जिन्हें प्रतिभागियों को दिखाया जाएगा।

विद्यालय के उप प्राचार्य मूलसिंह शेखावत ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रमाण पत्र और प्रधानमंत्री द्वारा लिखित %एग्जाम वारियर% पुस्तक प्रदान की जाएगी।

इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारतीय वायुसेना, जोधपुर के एयर कामोडोर होंगे। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ावा देगा, बल्कि उनमें देशभक्ति और पराक्रम की भावना भी जागृत करेगा।

### नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा 1 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर (कासं)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अयप्पा मन्दिर महावीर नगर, टीपीएस चौराहे से बियानी कॉलेज मालरोड़ विद्याधर नगर तक एवं मल्होत्रा नगर विद्याधर नगर से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 4 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 01 केन्टर सामान जब्त किया गया। नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में अयप्पा मन्दिर महावीर नगर, टीपीएस चौराहे से बियानी कॉलेज मालरोड़ विद्याधर नगर तक एवं मल्होत्रा नगर विद्याधर नगर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया।

## महाकुंभ में स्नान करने जोधपुर से पहुंचे श्रद्धालु

**जोधपुर (कासं)।** प्रयागराज में सनातन धर्म के महापर्व महाकुंभ में मारवाड़ के साधु-सन्तों ने स्नान किया। सैनाचार्य अचलानंद गिरी सहित मारवाड़ के सन्तों ने श्रद्धालुओं के साथ हर-हर महादेव के जयघोष के साथ संगम में पहला अमृत स्नान किया। वहीं मारवाड़ से सैनाचार्य के साथ दादा दरबार सिद्धनाथ के महंत कंचनगिरी व अन्य सन्तों के साथ श्रद्धालुओं ने गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर आस्था की डुबकी लगाई। कुंभ में पूरे देश से साधु संत और श्रद्धालु आए हुए हैं। जगह-जगह भक्ति से परिपूर्ण नजारे दिखाई दे रहे हैं।

महाकुंभ में मारवाड़ से अनेक श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान किया। जोधपुर से गए त्रिलोकसिंह परिहार ने कहा कि संगम नगरी में हो रहे महाकुंभ में अभूतपूर्व व्यवस्था है। महाकुंभ में साधु-सन्तों, जनता के लिए अच्छी व्यवस्थाएं की गई है। अन्य जगहों पर भी होने वाले महाकुंभ में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। वहीं उनके साथ गई एक महिला ने कहा कि भव्य आयोजन में सफाई, स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने इस आयोजन को व्यवस्थित किया है, सबको कुंभ में आकर पुण्यलाभ, सन्तों के दर्शन का लाभ मिल रहा है। ये श्रद्धालु दादा दरबार के पण्डाल में ठहरे हुए हैं।

रघुवीर सिंह भदावत ने बताया कि तिलक श्रृंगार और भस्म रमाए हुए सन्यासियों की शोभायात्रा में सबसे आगे अखाड़े की ध्वजा घोड़े पर नगाड़ा बजाते साधु-सन्तों की पालकियों, महामंडलेश्वर और अखाड़े के पदाधिकारी के रथ चल रहे थे।




## सड़क सुरक्षा सप्ताह में माई भारत स्वयंसेवक कर रहे जागरूकता कार्य

**जोधपुर (कासं)।** माई भारत स्वयंसेवक यातायात पुलिस जोधपुर के साथ जुड़कर सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। पावटा चौराहे पर यातायात पुलिस द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जेठाराम और महालक्ष्मी शिक्षण संस्थान में यातायात प्रशिक्षक हनुमान सिंह द्वारा युवाओं को यातायात के नियमों की जानकारी प्रदान करने में हरिसिंह द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। यातायात प्रशिक्षक हनुमान सिंह द्वारा विभिन्न यातायात सिग्नल, यातायात के नियम, दुर्घटना के दौरान गुड समेरिटन की भूमिका निभाने हेतु युवाओं को जागरूक किया गया। जिला युवा अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि आगामी दिनों में माई भारत स्वयंसेवक विभिन्न चिन्हित चौराहों पर यातायात पुलिस को सहयोग भी प्रदान करेंगे। साथ ही कई शैक्षिक संस्थाओं यथा एनएसटीआई, जीत ग्रुप इत्यादि में यातायात सुरक्षा के कार्यक्रम आयोजित किए जाने प्रस्तावित हैं।

## भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता केंद्र अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**जोधपुर (कासं)।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता केंद्र विस्तार परियोजना के अंतर्गत क्षमता निर्माण कार्यशाला जोधपुर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक नवीन नंबियार ने की। इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर के अधिकारी, नाबार्ड के अधिकारी, प्रायोजक बैंकों के अधिकारी, और वित्तीय साक्षरता केंद्र के 119 अधिकारी एवं सेंट्रल प्रबंधकों ने भाग लिया। बैठक में साइबर अपराध द्वारा बैंकिंग में आने वाली चुनौतियों और वित्तीय साक्षरता केंद्र टीम द्वारा वित्तीय साक्षरता को राज्य के प्रत्येक कोने तक पहुंचाने की सफल भूमिका पर चर्चा की गई।




आरबीआई के प्रबंधक सागर पवार ने राजस्थान में वित्तीय साक्षरता केंद्र की प्रगति और निगरानी से जुड़े हुए मानक संचालन प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। आरबीआई की सहायक महाप्रबंधक सुश्री मृदुला माहेश्वरी ने वित्तीय साक्षरता केंद्र परियोजना की आज तक की यात्रा का संक्षिप्त विवरण उपस्थित प्रतिभागियों के बीच साझा की। कार्यशाला के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, जयपुर नवीन नंबियार ने वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा जमीनी स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की भूमिका और उनके द्वारा आम जनता को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने जयपुर कार्यालय द्वारा शुरू की गई एक पहल 'सफलता की कहानियाँ पुस्तिका' का विमोचन किया। कार्यशाला में आगे बढ़ते हुए, शक्ती भिसे क्रियान्वन अधिकारी, क्रिसिल, और श्रीमती नीलम गुप्ता, संस्थापक, आरोह ने वित्तीय साक्षरता केंद्र और आरोह से संबंधित प्रस्तुति दी। प्रतीक कोचर, क्षेत्रीय प्रमुख, क्रिसिल, और सत्येंद्र कुमार, राज्य प्रमुख, आरोह द्वारा वित्तीय साक्षरता केंद्र खोलने हेतु बैंक द्वारा किए जाने वाले डिमांड सर्वे के बारे में जानकारी साझा की गई। बैंक द्वारा सभी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यशाला के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, जयपुर नवीन नंबियार द्वारा वित्तीय साक्षरता केंद्र को चरण I और चरण III में किए गए प्रदर्शन के आधार पर सम्मान प्रदान किया गया। अंत में विकास अग्रवाल उप महाप्रबंधक, वि स वि वि ,भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर ने प्रतिभागियों को वित्तीय शिक्षा और साक्षरता के क्षेत्र में आरबीआई की सीएफएल परियोजना के लक्ष्यों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

## सप्त शक्ति कमान और आईआईटी रुड़की द्वारा रक्षा क्षेत्र में शोध और विकास के लिए वार्ता

**जयपुर (कासं)।** लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, साउथ वेस्टर्न कमांड ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन में 16 जनवरी 2025 को आईआईटी रुड़की के iHUB दिव्यसंप्रक, टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। चर्चा का उद्देश्य, दक्षिण पश्चिमी कमान और आईआईटी रूड़की के बीच रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान, विकास और नवाचार का सहयोग करना था। आर्मी कमांडर ने आईआईटी रुड़की के उन्नत अनुसंधान और विकास कार्यों की सराहना की।

**कार्यालय नगर निगम जोधपुर (दक्षिण)**
पोलिटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर
ceo nnj@rediffmail.com tel 02912651464 fax 2651466

क्रमांकः- 16364 दिनांकः- 15.01.2025

**ई-निविदा सूचना**
UBN NO. DLB2425GLOB15121

जोधपुर नगर निगम, दक्षिण की ओर से कार्य/आपूर्ति वार्षिक दर संविदा के आधार फ्लैक्स बैनर एंव होर्डिंग कार्य/सप्लाई करने हेतु ई-प्रोक्योरमेन्ट माध्यम से ऑन लाईन निविदाऐं सम्बंधित अनुभवी एवं योग्य सवेंदको को आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने तथा अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम दिनांक, निविदा शर्तो आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/mcjs, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं जोधपुर नगर निगम दक्षिण की वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
जोधपुर नगर निगम (दक्षिण)

राज.संवाद/सी/24/10461

## "स्वच्छता हल्ला बोल" जागरूकता अभियान

**जयपुर (कासं)।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर के आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड के निर्देश पर शुक्रवार को स्वच्छ



सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत 'स्वच्छता हल्ला बोल' कार्यक्रम का आयोजन सांगानेर जोन के सभी 18 वार्डों में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता सर्वेक्षण में जनभागीदारी बढ़ाना और नागरिकों को कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक करवाया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सांगानेर जोन डॉ. रवि कुमार गोयल, फिनिलूप से योगेश शर्मा मौजूद रहे।

स्वच्छता हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत नगर निगम ग्रेटर टीम एवं फिनिलूप टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों को गीले और सूखे कचरे के अलग-अलग संग्रहण के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, होम कंपोस्टिंग और घर में चार बिन रखने के लाभों के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम में नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है।

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) के तहत शक्तियों के प्रयोग में ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6, 8 और 9 के साथ पठित।**

आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति/संपत्तियां, जो एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के पास बंधक/प्रभारित हैं, जो **आर्सिल रिटेल लोन पोर्टफोलियो-042-ई-ट्रस्ट ('आर्सिल')** के ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रही है (पंजीकृत असाइनमेंट समझौतों के माध्यम से वित्तीय परिसंपत्ति के असाइनमेंट के अनुसार), बकाया राशि की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है', 'जो कुछ भी है जैसा है', 'जो कुछ भी है' और 'बिना किसी सहारे के' ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएंगी, साथ ही आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली की जाएगी, जैसा कि प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के प्रावधानों के अनुसार नीचे विस्तृत रूप से प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ('नियम') के नियम 6, 8 और 9 के साथ पढ़ा जाए।

| क्रमांक संख्या/ उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता/ओं / गारंटर/बंधककर्ता/ओं का नाम | लैन नंबर और विक्रय बैंक | ट्रस्ट का नाम | सरफेसी नोटिस दिनांक 07-12-2021 के अनुसार बकाया राशि | कब्ज़े का प्रकार और तारीख | निरीक्षण की तिथि | संपत्ति का प्रकार और क्षेत्र | बयाना राशि जमा (ईएमडी) | आरक्षित मूल्य | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. सम्पन्न बाकलीवाल पुत्र शरद कुमार जैन 2. सुनीता जैन पत्नी शरद कुमार जैन 3. शरद कुमार जैन पुत्र राजमल जैन | 4Q2RHBDZ 964050 और 4Q2RHTEB 691819 और बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | आर्सिल रिटेल लोन पोर्टफोलियो 042-ई ट्रस्ट | रु. 36,68,548.47/- (रुपये छत्तीस लाख अड़सठ हजार पांच सौ अड़तालीस और सैंतालीस पैसे मात्र) 07-12-2021 तक + उस पर अतिरिक्त ब्याज + कानूनी खर्च | भौतिक 27-10-2023 | 27-10-2025 | आवासीय एवं क्षेत्रफल - 90.00 वर्ग मीटर; | रु. 2,05,000/- (दो लाख पांच हजार रुपये मात्र) | रु. 20,50,000/- (रु. बीस लाख पचास हजार मात्र) | 06-02-2025 को दोपहर 12:00 बजे |

**नीलाम की जा रही सुरक्षित संपत्ति का विवरण: अनुसूची ए:** बंधक संपत्ति का वह समस्त टुकड़ा और पार्सल जिसमें मकान संख्या 3/361, कमला नेहरू नगर, पाली, शहर - पाली, राज्य - राजस्थान, पिन कोड: 306401 शामिल है। श्रीमती सुनीता जैन पत्नी शरद कुमार जैन के नाम पर। उत्तर दिशा में: 40 फीट रोड, दक्षिण दिशा में: मकान नंबर 3/374, पूर्व दिशा में: मकान नंबर 3/362, पश्चिम दिशा में: मकान नंबर 3/360. और राजस्थान के पाली जिले के पंजीकरण क्षेत्र में स्थित है।

| | |
|---|---|
| **आर्सिल को ज्ञात लंबित मुकदमे :** शून्य | **आर्सिल को ज्ञात भार/बकाया: शून्य** |
| **बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: ई-नीलामी के समय से 2 घंटे पहले** | **बोली वृद्धि राशि : जैसा कि बोली दस्तावेज़ में उल्लेखित है** |
| **डिमांड ड्राफ्ट निम्न नाम से बनाया जाना चाहिए: जैसा कि ट्रस्ट के नाम कॉलम में उल्लिखित है** | **दिल्ली में देय** |

**आरटीजीएस विवरण: खाता संख्या: बैंक का नाम - एचडीएफसी बैंक, ट्रस्ट का नाम - आर्सिल-रिटेल लोन पोर्टफोलियो-042-ई-ट्रस्ट, खाता संख्या : 57500000729860, RTGS/NEFT IFSC : HDFC0000542, शाखा: कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013**

**संपर्क व्यक्ति का नाम और नंबर - विक्रम सिंह तंवर - 8860122299 (vikram.tanwar@arcil.co.in महेश बंगेरा - 9004173256 (mahesh. bangera@arcil.co.in)**

**नियम और शर्तें:-**

1. नीलामी बिक्री https://auction.arcil.co.in वेबसाइट के माध्यम से ई-नीलामी के माध्यम से और बोली दस्तावेज के नियमों और शर्तों के अनुसार और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जा रही है।
2. प्राधिकृत अधिकारी ('एओ')/ आर्सिल को इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश, बिजली विफलता आदि के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।
3. नीलामी के किसी भी चरण में, एओ बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/संशोधित/रद्द कर सकता है या नीलामी को स्थगित कर सकता है।
4. सफल क्रेता/बोलीदाता को कोई भी वैधानिक बकाया, कर, देय शुल्क, क्रय मूल्य पर लागू जीएसटी, स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि का वहन करना होगा, जो लागू कानून के अनुसार सुरक्षित परिसंपत्ति को उसके पक्ष में हस्तांतरित/सुपुर्द करने के लिए भुगतान किया जाना आवश्यक है।
5. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले भार, सुरक्षित परिसंपत्ति का शीर्षक और सुरक्षित परिसंपत्तियों को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों, जिसमें वैधानिक बकाया आदि शामिल हैं, के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच/उचित परिश्रम करना चाहिए। नीलामी विज्ञापन आर्सिल की किसी प्रतिबद्धता या किसी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही करेगा। आर्सिल का प्राधिकृत अधिकारी किसी भी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकार/बकाया के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
6. समाचार पत्र में प्रकाशित नीलामी नोटिस में निर्दिष्ट विवरण नीचे हस्ताक्षरकर्ता की जानकारी के अनुसार बताए गए हैं; तथापि नीचे हस्ताक्षरकर्ता किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जिम्मेदार/उत्तरदायी नहीं होगा।
7. उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता, जो उक्त बकाया राशि के लिए उत्तरदायी हैं, इस बिक्री नोटिस को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के तहत उपर्युक्त नीलामी बिक्री के आयोजन के बारे में नोटिस के रूप में मानेंगे।
8. यदि किसी भी कारण से ऊपर निर्धारित नीलामी विफल हो जाती है, तो आर्सिल को नियमों और अधिनियम के नियम 8(5) के प्रावधानों के तहत किसी अन्य तरीके से सुरक्षित संपत्ति को बेचने का अधिकार है।

**स्थान: जोधपुर**
**दिनांक: 18.01.2025**

**हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी**
**एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड**

**एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लि.**
Arcil Premier ARC
**आर्सिल-रिटेल लोन पोर्टफोलियो-042-ई-ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करना**
**आर्सिल कार्यालय :** दी रूबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई -400 028
**शाखा पता:** कार्यालय सं. 1008, 11वीं मंजिल, वेस्टएंड मॉल, जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर, जनकपुरी, नई दिल्ली पी.ओ. 110058
**वेबसाइट : www.arcil.co.in; सीआईएन: U65999MH2002PLC134884**